## सार-समाचार

### अनीता का शव परिजन लेने नहीं आए

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर के अनीता हत्यांकाड मामले में अब तक अंतिम संस्कार नहीं हो पाया है। पुलिस अब जल्दी से जल्दी अंतिम संस्कार करवाना चाहती है, मगर परिजन इसके लिए आगे नहीं आ रहे हैं। पुलिस एक दिन पहले गुरुवार को अंतिम संस्कार करवाने के लिए वीर तेजा मंदिर पहुंची थी, लेकिन यहां पर मृतका के परिजन नहीं मिले। ऐसे में पुलिस को वापस लौटना पड़ा। पुलिस ने अंतिम संस्कार करवाने को लेकर गुरुवार को नोटिस दिया था। वीर तेजा मंदिर भी गई लेकिन यहां पर अनीता के पति और बेटा नहीं मिले। काफी देर इंतजार के बाद पुलिस वापस लौट गई। परिजनों की प्रशासन के साथ मांगों पर सहमति नहीं बनने के चलते अभी तक अंतिम संस्कार नहीं हो सका है। वहीं हत्याकांड मामले में आरोपी गुलामुद्दीन पुलिस रिमांड पर है। उसका रिमांड शनिवार को पूरा होगा। इसके बाद पुलिस उसे कोर्ट पेश करेगी। बता दे कि अनीता चौधरी की हत्या के बाद गुलामुद्दीन पहले गुजरात और उसके बाद मुंबई भाग गया था, जहां से उसे जोधपुर पुलिस मुंबई पुलिस के सहयोग से पकड़कर लेकर आई। उसके बाद उसे कोर्ट पर पेश किया गया। जहां से उसे 7 दिन के रिमांड पर भेज दिया गया था। इस पूरे मामले को लेकर गुलामुद्दीन से पुलिस ने क्या उगलवाया, इस बारे में पुलिस की ओर से आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

### एस.आई. व हेड कांस्टेबल निलंबित

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जिले के रामगढ़ क्षेत्र में रिश्वत के मामले में पकड़े गए एक पुलिस उपनिरीक्षक और एक हेड कांस्टेबल को पुलिस अधीक्षक ने निलंबित कर दिया है। मंगलवार को एसीबी की टीम ने रामगढ़ थाने के एसआई रामलाल जाट और हेड कान्स्टेबल लक्ष्मीनारायण समेत एक दलाल अजयपाल सिंह को 6 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। इन्होंने एक मोटरसाइकिल को छोड़ने की एवज में परिवादी से 10 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की थी। इसके बाद 4 हजार रुपए पहले ही ले लिए गए थे और बाकी के 6 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए एसीबी ने इन्हें पकड़ लिया. इसके बाद जिला पुलिस अधीक्षक ने इस मामले में बड़ा एक्शन लेते हुए दोनों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रविप्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि परिवादी ने एसीबी को शिकायत दी थी कि रामगढ़ पुलिस थाना में आबकारी अधिनियम में दर्ज मुकदमे में मदद करने, जब्त की गई मोटरसाइकिल को छोड़ने और किराने की दुकान पर बार- बार तलाशी नहीं लेने के बदले रिश्वत मांग रहे थे। आरोपियों ने कुल 10 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की थी। सत्यापन करने के दौरान एसीबी को पता चला कि हेड कांस्टेबल लक्ष्मी नारायण ने पहले ही परिवादी से 4 हजार रुपए की रिश्वत फोन पे के माध्यम से दलाल अजयपालसिंह के खाते में ट्रांसफर करवा ली थी। इसके बाद गत मंगलवार रात को 6 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए सब इंस्पेक्टर रामलाल जाट और हेड कांस्टेबल लक्ष्मीनारायण को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया।

### पत्नी की हत्या का आरोपी पति पकड़ा

**जोधपुर**, (का.सं.)। बस्ती स्थित मकान में पत्नी की हत्या कर भागने वाला नगर निगम कर्मचारी पति को 9वें दिन गिरफ्तार कर लिया गया। वारदात के बाद वह बीकानेर होकर हरिद्वार भाग गया था और वहां गंगा स्नान किया था। वहां से लौटते ही पुलिस ने उसे पकड़ लिया। थानाधिकारी प्रदीप डांगा ने बताया कि गत पांच नवम्बर की मध्यरात्रि हरिजन बस्ती निवासी पूजा पत्नी अजय बारासा की हत्या कर दी गई थी। इस दौरान बच्चे मौसी के घर गए थे। वे दूसरे दिन सुबह घर लौटे तो मां का खून से लथपथ शव देखा था। पति अजय बारासा गायब था। उसके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया। उसे पकड़ने के लिए छह टीमों का गठन किया गया। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर आरोपी के बीकानेर भागने का पता लगा। पुलिस भी बीकानेर पहुंची, लेकिन आरोपी वहां से ट्रेन में सवार होकर हरिद्वार चला गया था। पुलिस की एक टीम हरिद्वार गई, जहां तलाश की गई, लेकिन वह नहीं मिला। सीसीटीवी फुटेज देखने पर वह नजर आ गया था, लेकिन हाथ से निकल गया था। वह वापसबीकानेरपहुंचा, जहां से वह गुरुवार को रोडवेज बस स्टैण्ड उतरा और रातानाडा जाने के लिए ऑटो रिक्शा में सवार हुआ। इसका पता लगने पर पुलिस ने रातानाडा क्षेत्र में गिरफ्तार कर लिया। बहरहाल पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

### तीन मंजिला मकान से गिरा व्यापारी

**पाली**, (नि.सं.)। पाली में शुक्रवार सुबह एक हार्डवेयर व्यापारी अपने निर्माणाधीन मकान से नीचे आ गिरा। व्यापारी पानी की तराई कर रहा था। इस दौरान उसका पैर फिसल गया। घायल व्यापारी को तुरंत बांगड़ हॉस्पिटल पहुंचाया गया। हादसे में उसका पैर फ्रेक्चर हो गया। गनीमत रही कि सिर में गंभीर चोट नहीं लगी। हॉस्पिटल में व्यापारी का उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार हेमावास हाल पाली के केशव नगर निवासी 58 वर्षीय हार्डवेयर व्यापारी धन्नाराम भाटी पुत्र बस्तीराम घांची शुक्रवार सुबह केशव नगर स्थित अपने निर्माणाधीन मकान की तीसरी मंजिल पर पानी से तराई कर रहे थे। इस दौरान अचानक उनका पैर फिसल गया और वे करीब 35 फीट की ऊंचाई से नीचे गिर गए। हादसे में उनके पैर, कंधे और पीठ में भी गंभीर चोटें आई। घायल धन्नाराम ने बताया कि पिछले करीब 8 महीने उनके मकान निर्माण का काम केशव नगर में चल रहा है। वर्तमान में प्लास्टर का काम अंतिम चरण में है। आने वाले कुछ महीनों में मकान मुहूर्त करवाने की तैयारी में थे और आज यह हादसा हो गया।

### रोडवेज बस से दो वृद्धा की कंठियां पार

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के पावटा रोडवेज बस स्टेण्ड पर भोपालगढ़ जाने वाली बस में सवार होते दो वृद्ध महिलाओं के गले से किसी शातिर ने कंठियां पार कर ली। इस बारे में एक व्यक्ति की तरफ से उदयमंदिर थाने में रिपोर्ट दी गई है। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज से बदमाश का पता लगाने का प्रयास कर रही है। भोपालगढ़ के कुड़ी गांव में रहने वाला मोहनराम पुत्र रेंवतराम की तरफ से पुलिस में रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि वह अपनी पत्नी, बड़े पिता की पुत्रवधु 70 साल की केलकी के साथ जोधपुर आया था। यहां जोधपुर में एमडीएम अस्पताल से दवाइयां लेकर वापिस पावटा बस स्टेण्ड पर पहुंचे और भोपालगढ़ जाने वाली बस में सवार होने लगे। बस में भीड़भाड़ ज्यादा हो रखी थी। सीट पर बैठने के समय पता लगा कि बड़े पिता की पुत्रवधु 70 साल की केलकी के गले से किसी शातिर ने कंठी को चुरा लिया है। वहीं इसी बस में एक अन्य महिला 90 साल की गवरी देवी के गले से भी कंठी पार हो गई। वह भी भोपालगढ़ की रहने वाली है। दोनों घटनाओं को लेकर उदयमंदिर थाने में रिपोर्ट दी गई है। जांच हैडकांस्टेबल किशोरसिंह की तरफ से की जा रही है।

### सेक्रेटरी इलेवन ने प्रेसिडेंट को हराया

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जिला क्रिकेट संघ जैसलमेर की ओर से आयोजित अंडर 14 मैत्री क्रिकेट मैच में सेक्रेट्री इलेवन ने प्रेसिडेंट इलेवन को 42 रन से हराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जैसलमेर जिला क्रिकेट संघ के सचिव विमल शर्मा ने बताया कि इंद्रा इंडोर स्टेडियम स्थित जिला क्रिकेट ग्राउंड में शुक्रवार को अंडर 14 मैत्री क्रिकेट मैच आयोजित किया गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सेक्रेटरी इलेवन 20 ओवर में 142 रन का लक्ष्य दिया,सेक्रेटरी इलेवन की ओर से श्लोक में 45 व शानू ने 22 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्रेसिडेंट इलेवन ने 14 ओवर में ही 100 रन पर ऑल आउट हो गइ। सेक्रेटरी इलेवन की ओर से शहजाद ने 5 विकेट लिए।

### फरार हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**जोधपुर**, (कासं)। जिला ग्रामीण की कापरड़ा थाना पुलिस ने जोधपुर रेंज पुलिस द्वारा चलाए जा रह अभियान धर कर भर के तहत छह माह से फरार हत्या प्रयास के प्रकरण में वांछित एक हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक ने बताया कि राममूर्ति जोशी ने बताया कि कापरड़ा थानाधिकारी सुरेन्द्र कुमार मय टीम द्वारा गत दो मई को दर्ज हत्या प्रयास के एक मामले में फरार चल रहे हिस्ट्रीशीटर रामड़ावास निवासी बीरबलराम विश्नोई को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू बरामद करने में सफलता हासिल की है।

### युवक ने फंदा लगाकर दी जान

**जोधपुर**, (कासं)। बनाड़ स्थित श्रीयादे नगर में रहने वाले एक युवक ने अपने घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। आत्महत्या का कारण पता नहीं चला है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक के पिता की तरफ से मर्ग में रिपोर्ट दी गई। बनाड़ पुलिस ने बताया कि मूलत: मथानिया के जेलू हाल श्रीयादे नगर बनाड़ निवासी गणपतसिंह पुत्र गेनसिंह ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि उसके पुत्र अक्षयदीप सिंह ने घर में फंदा लगाकर जान दे दी। आत्महत्या का कारण पता नहीं चल पाया। बनाड़ पुलिस ने शव को कार्रवाई कर परिजन के सुपुर्द किया।

# देवी-देवताओं को अर्पण किए 56 भोग, प्रसादी वितरित की

**जोधपुर**, (कासं)। कार्तिक पूर्णिमा पर शुक्रवार को कई मंदिरों में अन्नकूट महोत्सव मनाकर ठाकुरजी व अन्य देवी-देवताओं को छप्पन भोग अर्पण किए गए।

ओल्ड कैंपस के सामने स्थित श्री पीपलेश्वर महादेव मंदिर में कार्तिक मास शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा के पावन अवसर पर ब्रह्मलीन महंत शिव चेतनगिरि महाराज के दिव्याशीष एवं मंदिर के महंत व संस्थापक श्रीधरगिरि महाराज के सानिध्य में मंदिर समिति सदस्यों व भक्तों के श्रद्धाभाव से अन्नकूट मनोरथ का आयोजन किया गया। महंत श्रीधरगिरी महाराज ने बताया कि दोपहर में अन्नकूट दर्शन के साथ भजन-कीर्तन किया गया। प्रसादी वितरण मंदिर परिसर में शनिवार को की जाएगी। वहीं चांदपोल गोवर्धन तालाब स्थित हनुमानगढ़ बालाजी मन्दिर में शुक्रवार को अन्नकूट महोत्सव मनाया गया। इसमें 1100 दीपों की मलिका सजाई गई।



पाली में बागेश्वर महादेव मंदिर सहित कई मंदिरों में अन्नकूट महोत्सव मनाया। फोटो-राष्ट्रदूत

हनुमानगढ़ बालाजी पर्यावरण सेवा संस्थान के संरक्षक धर्मसिंह कच्छवाहा ने बताया कि भजनों के साथ सुंदरकांड का पाठ भी किया गया।

इसी तहर प्रथम बी रोड सरदारपुरा में कुम्हार का बास स्थित ठाकुरजी के मंदिर में अन्नकूट का विशेष आयोजन किया। मंदिर में भक्तों के दर्शनों के लिए अन्नकूट की विशेष सजावट की गई। ठाकुर को अन्नकूट का भोग लगाकर प्रसादी का वितरण किया गया।

सूरज नगर स्थित ईश्वर प्रेम आश्रम में अन्नकूट का आयोजन किया। सेवादार डॉक्टर रेणु परिहार ने बताया कि साध्वी नित्यमुक्ता महाराज, पण्डित महेन्द्र व्यास महाराज के सान्निध्य में आरती की गई। साथ ही श्रीराम दरबार को सजाया गया व देव दीपावली मनाई गई।

कमला नेहरु नगर बी द्वितीय विस्तार स्थित अरोड़ा पार्क गणेश मंदिर में अन्नकूट का आयोजन किया गया। मन्दिर के पुजारी जुगलकिशोर के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में अन्नकूट की झांकी सजाई गई एवं महिला मंडल द्वारा भजन कीर्तन किया गया। आयोजन के दौरान पार्षद प्रतिनिधि सत्यप्रकाश गौड़, शिवराज चंडक, नरपतसिंह गौड़, नारायण सोनी, अमरचंद जागिड़ सहित मोहलावासियों ने योगदान दिया।

गौरतलब है कि भगवान कृष्ण ने आठ दिन तक गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर उठाया था। उसी के मान्यता अनुसार 56 भोग लगाया जाता है। इसी को लेकर मंदिरों में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अन्नकूट का आयोजन किया जा रहा है जिसमें श्रद्धालु बड़ी संख्या में मंदिर पहुंचकर अन्नकूट के भोग का दर्शन कर रहे है। विभिन्न वैष्णव मंदिरों सहित देवालयों में अन्नकूट का आयोजन कर भगवान को विभिन्न खाद्य सामग्री का भोग लगाया जा रहा है।

**पाली संवाददाता के अनुसार :** कार्तिक पूर्णिमा पर पाली शहर के विभिन्न मंदिरों में अन्नकूट महोत्सव मनाया गया। जिसमें अग्रसेन रोड स्थित नरसिंह मंदिर में भगवान के आगे छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। आरती के पश्चात 61 किलो कदम पाक, 56 किलो खीर का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर बसंत गोयल, किशन, अभिषेक मयूर एवं समस्त नरसिंग भगवान मंदिर के ट्रस्टयों का सहयोग रहा।

इसी क्रम में बादल मोहल्ला स्थित बागेश्वर महादेव मंदिर में भी अन्नकूट महोत्सव मनाया। इसी प्रकार सिद्धेश्वर महादेव, रामदेव रोड स्थित बालाजी मंदिर, मेड स्वर्णकार समाज भवन, शिवाजी सर्किल अटल महादेव मंदिर में भी अन्नकूट महोत्सव मनाया गया।

# एसी.जे.एम. को कार ने मारी टक्कर, घायल हुए

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर शहर के भगत की कोठी पीली टंकी- एयरफोर्स जाने वाली रोड पर सुबह के समय साइकिल पर अपने घर लौट रहे एसीजेएम को किसी कार चालक ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे वे चोटिल हो गए। इस पर उन्होंने अपने परिचित को फोन कर इसकी जानकारी दी। बाद में अस्पताल में उनका मेडिकल करवाया गया। इस बारे में परिचित की तरफ से अज्ञात कार चालक के खिलाफ भगत की कोठी थाने में रिपोर्ट दी गई है।

पुलिस के अनुसार एसीजेएम मनेंद्र कुमार शर्मा 13 नवंबर की सुबह के समय अपनी साइकिल लेकर भगत की कोठी- एयरफोर्स रोड पर घर की तरफ आ रहे थे। तब इसी रोड पर उनके पीछे से एक सफेद रंग की कार निकली और उन्हें टक्कर मारते हुए भाग गई। वे साइकिल से गिर गए, जिससे उनकी कोहनी में फ्रेक्चर होने के साथ शरीर पर चोटें लगी और सिर पर भी जख्म हो गया। बाद में उन्होंने परिचित धुंधाड़ा होली का चौक निवासी तुषार द्विवेदी को फोन कर इसकी जानकारी दी। पुलिस ने तुषार द्विवेदी की रिपोर्ट पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज किया। कार का पता लगाया जा रहा है।

# एम्स जोधपुर को बेस्ट एक्स्ट्राम्यूरल इंस्टीट्यूट मेडिकल कॉलेज सम्मान

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर एम्स जोधपुर को चिकित्सा अनुसंधान और शिक्षा में उत्कृष्ट योगदान के लिए डीएचआर-आईसीएमआर हेल्थ रिसर्च एक्सीलेंस समिट 2024 में बेस्ट एक्स्ट्राम्यूरल इंस्टीट्यूट (मेडिकल कॉलेज) के प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग (डीएचआर) और भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) द्वारा आयोजित कार्यक्रम में यह सम्मान मिला।स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एम्स जोधपुर की नवाचार और अनुसंधान के प्रति प्रतिबद्धता को प्रमाणित करता है। यह पुरस्कार समारोह सुषमा स्वराज भवन, नई दिल्ली में आयोजित किया गया, जहां राष्ट्रीय स्तर के नेता और स्वास्थ्य विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा का संदेश भी प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने भारत में स्वास्थ्य सेवाओं के मानकों को ऊंचा उठाने के लिए इस समिट के उद्देश्यों को रेखांकित किया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, अनुप्रिया पटेल ने एम्स जोधपुर को यह महत्वपूर्ण सम्मान प्रदान किया।

एम्स जोधपुर को बेस्ट एक्स्ट्राम्यूरल इंस्टीट्यूट का यह सम्मान मिलना संस्थान का सतत् अनुसंधान सहयोग, अठाणी स्वास्थ्य समाधानों के विकास, और नई पीढ़ी के चिकित्सा विशेषज्ञों को प्रशिक्षित करने के प्रति प्रयासों को दर्शाता है। यह संस्थान स्वास्थ्य अनुसंधान में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने और चिकित्सा विज्ञान व नवाचार में एक प्रमुख भूमिका निभाने के प्रति दृढ़ संकल्पित है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार एम्स जोधपुर की भारत के स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में योगदान की प्रतिबद्धता और सभी के लिए स्वस्थ भविष्य निर्माण के मिशन को दर्शाता है।

### लकवा पीड़ित महिला को दी राहत

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के मथुरादास माथुर अस्पताल में लकवाग्रस्त महिला को राहत देने के लिए हृदय रोग विभाग में पेटेंट फ़ोरामेन ओवेल को डिवाइस से बंद किया गया।

नागौर की रहने वाली 34 साल की महिला को पिछले दो सालों में चार बार लकवे के एपिसोड हो गए थे। मरीज के ब्रेन की एमआरआई और एमआर एंजियो में ब्रेन की धमनियाँ सामान्य पायी गई। बार बार होने वाले लकवे से पीड़ित इस महिला के घर वाले उसे हृदय रोग के प्राचार्य तथा विभागाध्यक्ष डॉ रोहित माथुर के पास ले कर आए, जहाँ इको जाँच में मरीज के हार्ट में पेटेंट फोरामेन ओवेल पाया गया। फोरामेन ओवल हृदय में बहुत छोटा छेद होता है व गर्भावस्था में शिशु का खून सर्कुलेट होता है। जन्म के बाद स्वाभाविक रूप से ये छिद्र बंद हो जाता है।

# सोजती गेट के जीर्णोद्धार व मरम्मत कार्य का शिलान्यास

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर शहर विधायक अतुल भंसाली ने शुक्रवार दोपहर जोधपुर के प्राचीन ऐतिहासिक एवं आस्था के प्रतीक सोजतिया दरवाजे के जीर्णोद्वार एवं संरक्षण कार्य का औरं जालोरी द्वार के रखरखाव एवं मरम्मत कार्य का शिलान्यास किया।

उन्होंने कहा कि भाजपा की केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार एवं प्रदेश की भजनलाल शर्मा सरकार का विकास का डबल इंजन प्रदेश को विकास के नये आयामों पर ले जा रहा है, साथ ही प्राचीन परम्पराओं गौरवशाली, एवं ऐतिहासिक जन आस्था के स्मारको का संरक्षण एवं विकास सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकतो में है। इसमें धन की कमी आड़े नहीं आने दी जायेगी। 50 लाख रूपये की राशि से दोनो कार्य करवाये जायेंगे। विधायक भंसाली ने कहा कि जरूरत होने पर वे स्वयं के विधायक कोष से भी राशि देंगे। साथ ही विधायक भंसाली ने कहा कि सोजती गेट गजानंद जी का मंदिर जोधपुर वासियो की भावनाओ व आस्था का प्रतीक है। और वही पर बना ये द्वार हमारी ऐतिहासिक धरोहर है। इसका पूर्णतया संरक्षण, मरम्मत एवं जीर्णो द्वार गुणवता से संपादित किया जायेगा। यह कार्य सोजतिया द्वार को पहले से अधिक मजबूती और भव्यता प्रदान करेगा। इसी प्रकार जोधपुर के भीतरी शहर में प्रवेश का जालोरी द्वारा भी स्थानीय लोगो एवं पर्यटको के लिए एक गौरवशाली दर्शनीय द्वार बने ऐसा प्रयास किया जायेगा। कार्यकारी एजेंसी जोधपुर विकास प्राधिकरण जोधपुर द्वारा यह कार्य किया जायेगा।

इस अवसर पर उत्साह चौधरी (आयुक्त जोधपुर विकास प्राधिकरण जोधपुर), महेन्द्र पंवार (निदेशक अभियांत्रिकी), बंशीधर पुरोहित (अधिशाषी अभियन्ता) शिवकुमार सोनी, दीपक सोनी, महेन्द्र छंगाणी, भूपेन्द्र राज सिंघवी, मनीष शर्मा, जय प्रकाश राखेचा,गुरू प्रकाश राकावत, विष्णु अरोड़ा, नीता सोनी, आलोक चैरड़िया, संजू व्यास एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# रोडवेज बस व कार में टक्कर, गुजराती महिला की मौत, बेटा घायल

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जैसलमेर के रामगढ़ कस्बे के लोंगेवाला सड़क मार्ग पर गुरुवार देर शाम एक रोडवेज बस और एक गुजराती सैलानियों की कार की आमने सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में कार सवार मां की मौत हो गई और बड़ा बेटा घायल हो गए। वहीं छोटे बेटे को खरोंच तक नहीं आई। 108 एंबुलेंस की मदद से सभी को रामगढ़ हॉस्पिटल लाया गया, वहां घायल का प्राथमिक इलाज कर जैसलमेर स्थित जवाहिर हॉस्पिटल भेजा गया। जहां गंभीर हालत में गुजरात निवासी अभिषेक को जोधपुर रेफर किया गया। हादसे की जानकारी मिलने के बाद बीजेपी संगठन के लोग भी हॉस्पिटल पहुंचे और मामले की जानकारी लेकर घायलों की मदद की।

रामगढ़ थानाधिकारी जयकिशन सोनी ने बताया कि रामगढ़ से लोंगेवाला की तरफ जा रही रोडवेज बस और सामने से आ रही कार की रामगढ़ से करीब 8 किमी दूर सड़क के एक घुमावदार मोड़ पर भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में कार सवार राजेश्वरी (50) निवासी घाटलोड़िया अहमदाबाद की मौत हो गई। उसका पुत्र अभिषेक (30) गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको रामगढ़ हॉस्पिटल में प्राथमिक उपचार के बाद जैसलमेर रेफर किया गया। कार में सवार 14 साल का एक लड़का सुरक्षित है।

रामगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर जांच कर रही है। वहीं 108 स्टाफ पायलट गणपत खुरखुरिया और ईएमटी मुकेश गोयल गंभीर घायल को लेकर जोधपुर रवाना हुए। बताया जा रहा है कि तीनों ही मां-बेटे गुजरात से जैसलमेर घूमने आए थे और किराए की कार लेकर गुरुवार को लोंगेवाला गए थे। वहां से लौटते समय रोडवेज से भिड़ंत हो गई और हादसा हो गया।

# टोबैको फ्री यूथ कैम्पेन के लिए जन जागरण रैली निकलेगी

**पाली**, (नि.सं.)। जिला प्रशासन तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के लोगों को विशेषरूप से युवाओं को तम्बाकू सेवन से होने वाले गम्भीर दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 24 सितम्बर से 23 नवम्बर तक 60 दिवसीय टोबैको फ्री यूथ कैम्पेन 2.0 का आयोजन किया जा रहा है ताकि जिले के लोगों को तम्बाकू सेवन से दूर रहने हेतु जागरूक किया जा सके एवं जो लोग तम्बाकू उत्पादों का सेवन कर रहे हैं,उन्हें तम्बाकू छुड़वाने के लिए जागरूक किया जा सके।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विकास मारवाल ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत अलग अलग स्तरों पर विभिन्न जागरूकता गतिविधयां नियमितरूप से जिले में आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में आमजन को तम्बाकू मुक्ति का संदेश देने के लिए शनिवार को प्रात: आठ बजे बांगड़ चिकित्सालय,पाली के मुख्य प्रवेश द्वार से एक महा जनजागरण रैली आयोजित की जायेगी, जो शहर के प्रमुख मार्गों से बांगड़ चिकित्सालय स्थित ए.एन.एम. प्रशिक्षण केन्द्र पर पहुंच कर विसर्जित होगी। रैली को कलैक्टर एल.एन. मंत्री हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगें।

सी.एम.एच.ओ. डॉ. विकास मारवाल ने बतया कि रैली में एक हजार से भी अधिक लोग भाग लेंगें ताकि एक प्रभावी संदेश आमजन तक पहुंचे।

इस हेतु समस्त आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। रैली के प्रस्तावित मार्ग पर प्रभावी यातायात व्यवस्था को लेकर स्थानीय पुलिस प्रशासन को भी आग्रह किया गया है, ताकि रैली के कारण आमजन को किसी प्रकार की असुविधा ना हो तथा रैली सहभागियों को भी कोई परेशानी ना हो।

तम्बाकू मुक्ति केन्द्र के सायकॉलोजिस्ट एवं रैली समन्वयक के.सी. सैनी ने बताया कि रैली के दौरान सभी सहभागी तम्बाकू उत्पादों का त्याग करने तथा तम्बाकू उत्पादों से दूर रहने के नारे लगाते हुये चलेंगें, रैली में तम्बाकू के दुष्परिणामों के बारे में संदेश देने वाली तख्तियां भी सहभागियों के हाथों में देखी जा सकेगी।

उन्होंने बताया कि महा जनजागरण रैली में चिकित्सा विभाग के अधीन प्रशिक्षणाधीन समस्त ए.एन.एम. प्रशिक्षणार्थी, समस्त जी.एन.एम. प्रशिक्षणार्थी, नर्सिंग कॉलेज के समस्त प्रशिक्षणार्थी, श्री करणीकृपा नर्सिंग स्कूल के समस्त नर्सिंग प्रशिक्षणार्थियों के साथ साथ पाली शहर में कार्यरत समस्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा आशा सहयोगिनियों सहित चिकित्सा विभाग में जिला मुख्यालय पर कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारी भाग लेंगें।

बताया कि रैली के समापन के अवसर पर बांगड़ चिकित्सालय में ही ए.एन.एम. प्रशिक्षण केन्द्र पर रैली में सम्मिलित सभी सहभागियों को तम्बाकू मुक्ति की शपथ दिलवाई जायेगी तथा तम्बाकू मुक्ति को लेकर शपथ पत्र भी भरवाये जाएंगे।

### 'धरती आबा' कार्यक्रम हुआ

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। धरती आबा जनजातीय ठाम उत्कर्ष अभियान का जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला परिषद जैसलमेर के तत्वावधान में जैन उत्कर्ष भवन में आयोजित हुआ।

जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी ,जिला प्रमुख प्रतापसिंह सोलंकी, नगर परिषद सभापति हरिबल्लभ कल्ला, जिला कलेक्टर प्रतापसिंह नाथावत , अतिरिक्त जिला कलेक्टर मुन्नीराम बागड़िया ,मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुनीता चौधरी, समाजसेवी सुशील व्यास की उपस्थिति में आयोजित जिला स्तरीय समारोह के दौरान अतिथियों ने जनजाति परिवारों के लाभार्थियों को आवास स्वीकृति पत्र प्रदान कर लाभान्वित किया।

जैसलमेर विधायक भाटी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती की जन्म शताब्दी पर जनजातीय धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरुआत कर एक नया इतिहास रचा है।

उन्होंने कहा कि इस अभियान के माध्यम से जिले के जन समुदाय के परिवारों का विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उत्थान होगा।

# नौ कुंडीय महायज्ञ में 51जोड़ों ने दी आहुतियां

**धोरीमन्ना**, (निसं)। कस्बे में स्थित गायत्री प्रज्ञापीठ में विश्व कल्याण एवं शांति के लिए चार दिवसीय गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार महोत्सव के अंतिम दिन शुक्रवार नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ शान्तिकुन्ज प्रतिनिधि बसंत कुमार अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि भारत त्रिपाठी, विट्ठलदास वैष्णव, बालुदास वैष्णव, के द्वारा संगीत के साथ देव पूजन यज्ञ कर्मकांड के माध्यम से गुरुजी श्रीराम शर्मा आचार्य का संदेश देकर विभिन्न संस्कारों के बारे में बताया गया जिसमे 51 जोडो ने आहुतियां प्रदान की।

आयोजन करता गायत्री परिवार ट्रस्ट द्वारा स्थानीय प्रज्ञा पीठ के प्रमुख ट्रस्टी बंशीधर गीगल द्वारा सभी को आधे मूल्य पर पुस्तक मेले में साहित्य उपलब्ध करवाने तथा ट्रस्टी गण लादूराम बिश्नोई, ठाकराराम खीचड, सिमरथाराम सेवदा, भीमराज सोनी, चंदन सेन, सुरेश कुमार गीगल, मनीष पुंगलिया, डॉ उदाराम खिलेरी संयोजक, कुंभाराम प्रजापत प्रधानाचार्य, पुजारी कालूराम शर्मा चुतराराम हुडा, शुरेश मांजू आदि ने तन मन धन से सहयोग किया तथा 9 कुंडीय यज्ञ सजल श्रद्धा प्रखर प्रज्ञा प्राण प्रतिष्ठा व गायत्री माता की महा आरती महाप्रशादी वितरण की गई। शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि पंडित बसत कुमार पंडित भारत त्रिवेदी पंडित बिदामी लाल, विट्ठलदास वैष्णव को स्मृति चिन्ह व दुपट्टे द्वारा सम्मान किया गया। पत्रकार दीपक सेवदा, भीखाराम प्रजापत, श्रीराम बिश्नोई, धनराज शमा का स्मृति चिन्ह व दुपट्टा द्वारा सम्मान किया गया। बंशीधर गीगल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहां की मैंने जीवन भर गायत्री मंदिर मे मेरे जीवन लगाया। वह आज सपना साकार हुआ एवं भगवान भगत की परीक्षा लेता है। तभी सफलता मिलती है।बाडमेर गायत्री मंदिर के ट्रस्टी रेवत सिंह नहीं बताया कि अच्छे संस्कारों के लिए जीवन में बुराइयां का त्याग करना पडता है। तभी महान बन सकते हो उन्होंने आव्हान किया कि बाडमेर में 108 कुंडली यज्ञ होने जा रहा है।उपखंड अधिकारी अशोक बिश्नोई ने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण है। पंडित श्रीराम शर्मा ने 3200 जीवनोपयोगी पुस्तके लिखी है। जिनको पढने से मनुष्यों को जीवन में सही दिशा मिलती है जिससे मनुष्य में देवत्व का उदय होता है। धोरीमना कस्बे के व्यापारियों ने अपना समय निकालकर चार दिवसीय कार्यक्रम में बढ़ चढकर भाग लिया एवं श्रद्धा पूर्वक आर्थिक सहयोग किया।

# बालोतरा में जनजातीय गौरव दिवस का कार्यक्रम आयोजित

**बालोतरा**, निसं)। भगवान बिरसा मुंडा के 150वें जन्म जयन्ती वर्ष के अवसर पर धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जनजातीय गौरव दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम शुक्रवार को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय देवनगर ग्राम पंचायत ठाकरखेडा में आयोजित किया गया।

इस दौरान देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जमुई, बिहार से जनजातीय गौरव दिवस पर आयोजित समारोह में दिए गए अभिभाषण का सीधा प्रसारण किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान, उप जिला प्रमुख खेताराम कालमा, विकास अधिकारी मांगीलाल नायल, डॉ. जी.आर. भील, सरपंच ठाकरखेडा मदनलाल भील, सरपंच मजल लच्छीराम चौधरी, गुलाबराम भील पूर्व सरपंच मजल, देवाराम भील ब्लॉक अध्यक्ष भील समाज समदडी, लालाराम भील सेवानिवृत क्षेत्रिय वन अधिकारी, पंचायत समिति समदडी से सहायक विकास अधिकारी चिमनाराम चौधरी एवं अशोक कुमार संत तथा ग्राम विकास अधिकारी श्रीमती परमेश्वरी, मदन राणा एवं सभी विभागों के ब्लॉक लेवल अधिकारी, जन प्रतिनिधिगण तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर फुल माला एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत किया गया। साथ ही अतिथियों का साफा पहनाकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी एवं उनके आजादी में योगदान तथा जनजातीय लोगों को उनके अधिकारों पर प्रकाश डाला। साथ ही उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों को आगामी दो दिवस में राजस्व ग्राम देवनगर में लोगों की मुलभूत सुविधाओं को वीडीपी (ग्राम विकास योजना) बनाकर जिला स्तर पर भेजने के निर्देश दिए।उदबोधन की अगली कडी में डॉ. जीआर भील द्वारा बिरसा मुंडा के जन्म, उनकी शिक्षा तथा देश की आजादी में स्वतंत्रता आन्दोलन में योगदान एवं जनजातीय प्रणेता एवं महान योद्धा का देश में क्रान्ति में योगदान पर प्रकाश डाला साथ ही उपस्थित आदिवासी जनजातीय लोगों को राष्ट्र निर्माण एवं अपनी आने वाली पीढी को बालिका शिक्षा पर जोर देने को आव्हान किया। कार्यक्रम के अध्यक्षत उप जिला प्रमुख खेताराम कालमा द्वारा अनुसुचित जन जातिय बाहुल राजस्व ग्राम देवनगर में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं को आमजन तक पहुंचाने का वादा किया। विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाले प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। इस दौरान स्वच्छ भारत मिशन की प्रतिज्ञा ली गई। तत्पश्चात् राष्ट्रगान किया गया।

# भील समाज की परीक्षा कल

**सायला**, (निसं)। भील समाज सेवा समिति के तत्वावधान में भील समाज के प्रथम जिलास्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा का 17 सितम्बर 2024 रविवार को दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक विद्या भारती उ.मा. विद्यालय जालोर में आयोजन होगा।

परीक्षा में भाग लेने वाले सभी अभ्यर्थी निर्धारित समय से पूर्व परीक्षा केन्द्र पर पहुंचे। यह जानकारी भील समाज के सायला ब्लॉक सचिव भोलाराम राणा ने दी।

# महाराष्ट्र के कारोबारी की कार का पाली में एक्सीडेंट, चार की मौत

## मवेशी को बचाने के प्रयास में तेज रफ्तार कार नेशनल हाईवे के किनारे पलट गई थी

- गुरुवार सुबह शिवगंज (सिरोही) से अपने परिचित की कार से जोधपुर घूमने गए थे, शिवगंज लौटने के दौरान हादसा हुआ
- अंधेरा होने के कारण घायलों को काफी देर तक मदद नहीं मिल सकी, हादसे में चारों की मौके पर ही मौत हो गई

**पाली, (निसं)।** महाराष्ट्र के कोल्हापुर के बिजनेसमैन की कार का पाली में देर रात एक्सीडेंट हो गया। हादसे में बिजनेसमैन के साथ उसकी पत्नी और दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार मवेशी को बचाने के प्रयास में तेज रफ्तार कार नेशनल हाईवे के किनारे पलट गई। एक्सीडेंट गुरुवार रात 9.30 बजे पाली के सांडेराव थाना क्षेत्र के केनपुरा गांव के पास हुआ। कोल्हापुर के कलगंडी निवासी बाबूराव (47), पत्नी सारिका (38), बेटी साक्षी (19), बेटे संस्कार (17) व दो अन्य रिश्तेदारों चिन्मय (19) और प्रमोद जैन (40) के साथ राजस्थान घूमने आए थे। गुरुवार सुबह शिवगंज (सिरोही) से अपने परिचित की कार से जोधपुर घूमने गए थे। रात को शिवगंज लौटने के दौरान एक्सीडेंट हो गया। हादसे में चिन्मय और प्रमोद जैन गंभीर घायल है बाबूराव परिवार के साथ शिवगंज लौट रहे थे। कार उनका भतीजा चिन्मय ड्राइव कर रहा था। इस दौरान बिरामी टोल के पास एक मवेशी सामने आ गया और ड्राइवर ने कार हाईवे के नीचे उतार दी। रफ्तार अधिक होने के कारण कार पलट गई और पेड़ से टकरा गई। अंधेरा होने के कारण घायलों को काफी देर तक मदद नहीं मिल सकी। एक्सीडेंट में बाबूराव, सारिका, संस्कार व साक्षी की मौके ही मौत हो गई। इनके शव सांडेराव हॉस्पिटल की मॉर्चूरी में रखवाए गए हैं। वहीं घायल प्रमोद का पाली के बांगड़ हॉस्पिटल में उपचार जारी है।

सांडेराव थानाधिकारी लक्ष्मण सिंह ने बताया कि जिस कार का एक्सीडेंट हुआ वो शिवगंज के ज्वैलरी बिजनेसमैन किशोर कुमार की है। किशोर और बाबूराव का भतीजा चिन्मय दोस्त हैं, इसलिए किशोर कुमार की कार से ही परिवार जोधपुर घूमने गया था। बाबूराव का परिवार भी कोल्हापुर में चांदी की ज्वैलरी बनाने के बिजनेस से जुड़ा है। वे बुधवार को ही राजस्थान आए थे।

# जेईई-मेन के जनवरी सेशन की आवेदन प्रक्रिया जारी

## एनटीए की ओर से स्टूडेंट्स को मेल पर दिया जाने लगा कनफर्मेशन

- अब तक 7.80 लाख आवेदन आए

**कोटा, (निसं)।** देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन के जनवरी सेशन की आवेदन प्रक्रिया जारी है। जैसे-जैसे अंतिम तिथि नजदीक आती जा रही है, आवेदन करने वाले स्टूडेंट्स की संख्या बढ़ ती जा रही है। शुक्रवार शाम तक करीब 7.80 लाख स्टूडेंट्स आवेदन कर चुके हैं।

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि जेईई-मेन की आयोजन संस्था नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से आवेदन प्रक्रिया पूरी होने का कनर्फेशन मेल के माध्यम से दिया जा रहा है। आवेदन प्रक्रिया के दौरान तीन मेल भेजे जा रहे हैं। पहले दो मेल में मेल स्टेप-1 पूर्ण होने के बाद एप्लीकेशन नम्बर का भेजा जा रहा है, जिसमें स्टूडेंट्स को उसका यूनीक एप्लीकेशन नम्बर प्राप्त हो जाता है और विद्यार्थी को स्टेप-2 एवं स्टेप-3 जिसमें आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने एवं फीस जमा करने के लिए बताया जाता है। इसके उपरान्त आवेदन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद तीसरा ई-मेल के माध्यम से सूचित किया जाता है।

यह आवेदन का कनफर्मेशन ई-मेल होता है, जिसमें विद्यार्थी अपने एप्लीकेशन फार्म को डाउनलोड कर सकता है। इसके लिए उसे पासवर्ड तौर पर जन्मतिथि भरनी होती है। आहूजा ने बताया कि गत वर्ष कई ऐसे मामले आए थे, जिसमें विद्यार्थी के आवेदन शुल्क जमा करवाने के बावजूद भी उनका एडमिट कार्ड जारी नहीं किया गया था, बाद में स्टूडेंट्स को पता चला कि उनका आवेदन शुल्क पुनः एनटीए द्वारा लौटा दिया गया था, ऐसे में सभी विद्यार्थियों को अपने आवेदन पूर्ण होने के उपरान्त एनटीए द्वारा भेजे गए ई-मेल की जांच करते रहना चाहिए ताकि ऐसी समस्याएं उनके साथ नहीं आए।

# थप्पड़ कांड मामला : नरेश मीणा को 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में भेजा

## मामले में पुलिस ने 52 गिरफ्तार अन्य आरोपियों को भी न्यायालय में पेश किया, जहां सभी को जेल भेजा

- आरोपी नरेश मीणा की मालपुरा थाने से हुई वीसी के जरिये पेशी हुई

**टोंक/निवाई/मालपुरा, (निसं)।** देवली उनियारा विधानसभा क्षेत्र के समरावता गांव के पोलिंग बूथ पर फर्जी मतदान को लेकर हुये विवाद में ड्यूटी मजिस्ट्रेट व मालपुरा एसडीएम अमित चौधरी को थप्पड़ मारने के मुख्य आरोपी नरेश मीणा सहित दस उपद्रवियों का मालपुरा अस्पताल में मेडिकल करवाया गया। मालपुरा थाने से निवाई अवकाश न्यायालय में मीणा की वीसी के जरिये पेशी करवाई गई, जहां नरेश मीणा को 14 दिन के लिए न्यायिक अभिरक्षा में भेजने के आदेश पारित किए।



उपद्रव मामले में लिप्त व गिरफ्तार दस उपद्रवियों सहित नरेश मीणा का मालपुरा में मेडिकल करवाया।

देवली उनियारा के उपचुनाव में गांव समरावता में मतदान केंद्र पर एसडीएम के थप्पड़ मारने के आरोप में गिरफ्तार निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा को शुक्रवार को पुलिस ने वीसी के माध्यम से निवाई न्यायालय में पेश किया, जहां उसे 14 दिन के लिए न्यायिक अभिरक्षा में भेजने के आदेश पारित किए। एडवोकेट सीताराम शर्मा ने बताया कि पुलिस ने न्यायलय में न्यायिक मजिस्ट्रेट अंजली सिंह के सामने वीसी के माध्यम से गिरफ्तार नरेश मीणा पेश किया। अधिवक्ताओं ने मजिस्ट्रेट को बताया कि नरेश मीणा से उसके परिजनों व वकीलों को पुलिस नहीं मिलने दे रही है। अधिवक्ताओं ने 24 घंटे में नरेश मीणा का मेडिकल करवाने के लिए प्रार्थना पत्र पेश किया। दोनों पक्षों की दलीलों पर मजिस्ट्रेट अंजली सिंह ने नरेश मीणा को 14 दिन के लिए न्यायिक अभिरक्षा में भेजने के आदेश पारित किए। नरेश मीणा के अधिवक्ता सीताराम शर्मा, हाईकोर्ट जयपुर के एडवोकेट लाखन सिंह मीणा, पवन खरेडा, मुकराज मीणा, मुकेश मीणा व मेघराज मीणा सहित 15 अधिवक्ता सुबह 11 बजे ही न्यायालय पहुंच गए। इसके बाद नरेश मीणा के अधिवक्ताओं ने नरेश मीणा के परिवारजनों व अधिवक्ताओं को मिलने सहित कई प्रार्थना पत्र पेश किए। इस दौरान न्यायालय में दोपहर करीब 2 बजे से पुलिस की गाड़ियों का काफिला पहुंचना शुरू हो गया। थोड़ी ही देर में न्यायालय परिसर पुलिस के कई जवान तैनात हो गए। करीब 4 बजे वीसी के जरिए न्यायालय में नरेश मीणा की पेशी हुई। अधिवक्ताओं ने नरेश मीणा को टॉर्चर करने और मारपीट करने का पुलिस पर आरोप लगाया। करीब साढे चार बजे इस मामले में पुलिस ने 52 गिरफ्तार अन्य आरोपियों को भी न्यायालय में पेश किया जहां सभी को जेल भेजने के आदेश पारित हुए। इस दौरान निवाई थानाधिकारी हरिराम वर्मा व सदर थानाधिकारी जयमल सिंह सहित सदर व निवाई पुलिस के कई जवान तैनात रहे।

वहीं समरावता में हालात सामान्य हैं, हर 15 किलोमीटर पर पुलिस जवान तैनात हैं। समर्थकों के कंधों पर सवार होकर पुलिस को चुनौती देने वाले नरेश मीणा अब हिरासत में हैं। इधर, एरिया मजिस्ट्रेट के तौर पर कार्य कर रहे मालपुरा एसडीएम अमित कुमार चौधरी ने नरेश के खिलाफ नगर फोर्ट पुलिस थाने में 10 गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज कराया है।

# पत्नी ने पति पर चाकू से हमला कर हत्या की

**कोटा, (निसं)।** विज्ञान नगर इलाके में रिश्तों को तार-तार करते हुए एक महिला ने अपने पति पर ही चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी।

- पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ

जानकारी के अनुसार 8 नवंबर को विज्ञान नगर इलाके के छत्रपुरा तालाब निवासी शाहरुख पर उसकी पत्नी नाजमीन ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया। शाहरुख को घायल अवस्था में उपचार के लिए एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां शाहरुख ने उपचार के दौरान शुक्रवार को दम तोड़ दिया। विज्ञान नगर थाना अधिकारी पुष्पेंद्र बंशीवाल ने बताया कि घरेलू कहासुनी के बाद विवाद होने पर आवेश में आकर नाजमीन ने अपने पति शाहरुख (27) पर 8 नवंबर को चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। उसे घायलावस्था में एमबीएस अस्पताल में भर्ती करवाया था, जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। थाना अधिकारी ने बताया कि दोनों की शादी को अभी एक साल ही हुआ था। मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। विज्ञान नगर थाना अधिकारी पुष्पेंद्र बंशीवाल ने बताया कि मृतक शाहरुख की मां की ओर से मृतक की पत्नी नाजमीन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मोबाइल से सट्टा लगाने वाले दो जने गिरफ्तार

## फन गैम एप से कर रहे थे सट्टा, फोन से 4 लाख के सट्टे का हिसाब मिला

**ब्यावर, (निसं)।** जिला पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह आई.पी.एस. के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र शर्मा तथा वृताधिकारी राजेश कसाना के निकटतम सुपरविजन में जुआ-सट्टा करने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना साकेत नगर व जिला स्पेशल टीम ने आनलाईन फन गेम एप से सट्टा लगाते हुये दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया।

जानकारी के अनुसार गुरूवार को शाम के समय मुखबिर से फोन पर सट्टे की सूचना मिली। कार्रवाई हेतु डीएसटी टीम तथा साकेत नगर थाना टीम तुरंत सेदरिया पावर हाउस के पास पहुंचे जहां पर दो व्यक्ति मनोहर गुर्जर पुत्र मांगीलाल निवासी रामनगर द्वितीय, अजय सिंह पुत्र मंगल सिंह निवासी सेदरिया पावर हाउस के पास जिनको पकड़ा और फोन चैक किया तो फन गेम से सट्टा करते मिले जिस पर दोनों के फोन को जब्त कर गिरफ्तार किया गया। उनके मोबाइल फोन से करीबन 4 लाख रूपये के लेनदेन का हिसाब मिला। साकेतनगर थानाधिकारी बलभद्र सिंह की पुलिस टीम में तेजपाल सिंह, मुकेश थाकण, श्यामलाल, जितेन्द्र सिंह, रणजीत सिंह, राजूराम, रिछपाल, भवानी सिंह, सुरेन्द्र कानिं आदि थे।



पुलिस ने सट्टा लगाते दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया।

# तीन लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पुष्कर सरोवर में डुबकी लगाई

## सरोवर के 52 घाटों पर महाआरती व दीपदान में आस्था का सैलाब उमड़ा

**पुष्कर/अजमेर, (कासं)।** पुष्कर के पंचतीर्थ धार्मिक मेले के आखिरी दिन कार्तिक पूर्णिमा महास्नान के लिए शुक्रवार को करीब तीन लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र पुष्कर सरोवर में डुबकी लगाकर जगतपिता ब्रह्मा मंदिर में दर्शन कर मंगल कामना की। इसके साथ चार दिवसीय पंचतीर्थ धार्मिक मेले का समापन हो गया।

महास्नान के लिए दूर दराज से श्रद्धालु गुरुवार की शाम को ही पुष्कर पहुंच गए थे तथा इनकी आवक शुक्रवार को दिनभर बनी रही। श्रद्धालुओं ने अलसुबह के साथ ही महास्नान किया जो देर शाम तक चलता रहा। मुख्य गऊघाट, ब्रह्मघाट, बद्री घाट, वराह घाट सहित सभी 52 घाट श्रद्धालुओं खचाखच भर रहे। ब्रह्मा मंदिर सहित अन्य मुख्य मंदिरों में दिनभर दर्शनार्थियों की लंबी कतारें लगी रही। सरोवर में स्नान के बाद तीर्थयात्रियों ने वैदिक मंत्रोचारण के बीच सरोवर की पूजा कर परिक्रमा लगाई तथा तीर्थ पुरोहितों को दान-दक्षिणा देकर पुण्य कमाया।

कार्तिक पूर्णिमा की शाम गोधूलिक वेला में सरोवर के 52 घाटों पर महाआरती व दीपदान में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। अयोध्या के सरयू नदी की तर्ज पर प्रशासनिक प्रयासों से मेले में पहली बार आयोजित की गई 52 घाटों की महाआरती में उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शिरकत की। शुकवार शाम को घाटों में श्रद्धालुओं का जमावड़ा लग गया। लोगों ने सरोवर पर दीपदान किया जिससे सरोवर का तट रोशनी से जगमगा उठा। इस मौके पर घाटों पर आकर्षक रंगोली सजाई गई। दीपदान के बाद वेद मंत्रोच्चार व ढोल नगाड़े शंख की दिव्य ध्वनि के साथ ब्रह्म घाट, गऊ घाट, बद्री घाट, गणगौर घाट, वराह घाट, जयपुर घाट सहित सभी 52 घाटों पर एक साथ महाआरती की गई।

**जोगणिया धाम में मनाया देव दीपावली :-** कार्तिक पूर्णिमा महास्नान के जोगणिया धाम में देव दिवाली पर्व श्रद्धा से मनाया गया। इस मौके पर धाम पर हजारों दीप प्रज्वलित किए गए जिससे धाम जगमगा उठा। धाम में पंचतीर्थ पर आयोजित कार्तिक महोत्सव के आखिरी दिन विराजित सातू बहना बिजासन माता का विशेष पूजा अर्चना अभिषेक के बाद फूल बंगला सजाया गया व भजन कीर्तन किए गए। धाम के प्रवक्ता प्रशांत वर्मा ने बताया कि इस मौके पर भंडारा आयोजित किया गया। जोगणिया माता के उपासक संत भंवरलाल वर्मा के जन्मदिन पर विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके साथ चार दिवसीय धार्मिक कार्तिक महोत्सव का समापन हुआ।

# पेड़ से लटकी मिली युवक की लाश

- कपड़ों की तलाशी में मोबाइल मिला, पुलिस मृतक के परिजनों से बात की
- युवक खदान से अपने घर भैंरूखेड़ा जाने के लिए निकला था, लेकिन वह घर नहीं पहुंचा

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के करेड़ा थाना क्षेत्र के मेवासा गांव के जंगल में बंबूल के पेड़ से लटकी युवक की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

करेड़ा थाना पुलिस ने बताया कि मेवासा से भोजा पायरा जाने वाले रास्ते पर रोड़ से करीब 200 मीटर दूर सरकारी पड़त जमीन पर एक युवक का शव रस्सी के सहारे बंबूल के पेड़ से लटका मिला। शव, वहां गये क्षेत्रीय ग्रामीणों ने देखा और इसकी सूचना करेड़ा थाने पर दी। थाना प्रभारी अर्जुन लाल गुर्जर, एएसआई कृष्ण गोपाल और दीवान रिषीराज मय जाब्ता मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को कब्जे में लिया। मृतक ग्रे पेंट और काले रंग का शर्ट पहने हुये हैं। कपड़ों की तलाशी लेने पर एक मोबाइल मिला। इस मोबाइल के आधार पर पुलिस मृतक के परिजनों से बात की। इस पर शव की पहचान ब्यावर जिले के बदनौर थाना क्षेत्र के भैंरूखेड़ा निवासी परमेश्वर (22) पुत्र कल्याणमल बलाई के रूप में हुई। परिजन भी करेड़ा पहुंच गये। इसके बाद शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। पुलिस ने परिजनों के हवाले से बताया कि परमेश्वर, राजसमंद जिले के रेलमगरा थाना क्षेत्र के कोटड़ी स्थित खदान पर मजदूरी करता था, जो गुरुवार को खदान से अपने घर भैंरूखेड़ा जाने के लिए निकला था, लेकिन वह घर नहीं पहुंचा। आज उसकी लाश पेड़ से लटकी मिली। पुलिस अब खुदकुशी के कारणों की जांच कर रही है।

# नगदी चोरी

**मदनगंज-किशनगढ़, (निसं)।** ओसवाली मोहल्ला स्थित ई-मित्र बैंकिंग सेवा केंद्र में घुसकर अज्ञात बदमाश दो लाख की नगदी सहित लेपटॉप व डिवाइस चुराकर चम्पत हो गये। दुकान मालिक गौरव जैन दुकान का शटर निचे कर आवश्यक कार्य से घर गया था, पिछे से मौके की तलाश में तत्पर शातिर बदमाश पलभर में शटर ऊंचाकर बैग उठाकर फरार हो गये, बैग में दो लाख की नगदी के अलावा लेपटॉप व डिवाइस रखा हुआ था। सीसीटीवी कैमरे में पूरी वारदात कैद हो गई। मदनगंज थाना पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर फरार अज्ञात चोर की तलाश शुरू कर दी है।

# सेना के जवान को पुलिस ने पीटा

**बीकानेर, (निसं)।** देशनोक में भारतीय सेना के जवान के साथ पुलिस ने मारपीट की। सिर पर डंडों से जमकर वार किया। पुलिस ने जवान को गिरफ्तार किया है। ओरण परिक्रमा के दौरान जवान का पुलिस से विवाद हो गया था। जिस जवान को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, वो 25 सितंबर को अनंतनाग में शहीद हुए जवान रामस्वरूप कस्वां के बड़े भाई हैं। रामस्वरूप कस्वां को शहीद का दर्जा दिलवाने के लिए करीब 2 महीने पहले बीकानेर में हाईवे जाम किया गया था। सेना के जवान से मारपीट मामले में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के संयोजक हनुमान बेनीवाल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर सीएम भजनलाल शर्मा से पुलिस के कृत्य पर संज्ञान लेने की मांग की।

देशनोक थानाधिकारी सुमन शेखावत ने बताया कि जवान श्रीराम कस्वां करणी माता की ओरण यात्रा कर रहा था। जेगला फांटे पर ओरण परिक्रमा की यातायात व्यवस्था की जा रही थी। इस दौरान जवान पुलिस से उलझ गया और यातायात व्यवस्था में सहयोग नहीं किया। उन्होंने बताया कि जवान अपनी गाड़ी नो एंट्री में ले जाना चाहता था, जिसे रोकने पर उसने एक पुलिसकर्मी विजयपाल के साथ मारपीट की। साथ ही महिला पुलिसकर्मी से धक्का-मुक्की की। इस दौरान उसके भी सिर में चोट लगी। जवान के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई गई है। वहीं जवान श्रीराम कस्वां ने भी शिकायत दी है, जिसकी जांच की जा रही है। मामले में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के संयोजक हनुमान बेनीवाल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में लिखा कि देशनोक पुलिस ने श्रीराम के साथ मारपीट की। उसका सिर फोड़ दिया।

बेनीवाल ने लिखा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बीकानेर जिले की पुलिस के कृत्य पर संज्ञान लीजिए। विगत दिनों शहीद हुए बीकानेर जिले के नोखा क्षेत्र के जवान रामस्वरूप जी कस्वां के भाई और भारतीय सेना के एक जवान श्रीराम के साथ देशनोक में पुलिस ने बेवजह मारपीट की है और डंडे से सिर फोड़ दिया। मामले में एफआईआर दर्ज करवाने के लिए सेना का जवान देशनोक थाने में बैठा है, लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं की जा रही है। मामले में तत्काल प्रभाव से मुकदमा दर्ज करके दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिए।

# विधानसभा अध्यक्ष देवनानी का सिंगापुर दूतावास में अभिनंदन

## शिक्षा के क्षेत्र में भारत और सिंगापुर के बीच हमेशा से मजबूत और प्रगतिशील संबंध रहे हैं : देवनानी

- देवनानी ने सिंगापुर में केंद्रीय विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों का अवलोकन किया और विभिन्न विषयों पर चर्चा की
- देवनानी ने सिंगापुर में गुरु नानक जयंती पर्व पर गुरुद्वारे में जाकर माथा टेका और गुरु नानक जयंती के 555 वें प्रकाश पर्व की बधाई दी

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का शुक्रवार को सिंगापुर स्थित भारत के दूतावास में अधिकारियों ने अभिनंदन किया। सिंगापुर में भारत के हाई कमिश्नर शिल्पक अम्बुले ने पुष्पगुच्छ भेंट कर दूतावास पहुंचने पर देवनानी का अभिनंदन किया। देवनानी को अम्बुले ने बताया कि दोनों देशों के मध्य शिक्षा, तकनीकी शिक्षा सहित अन्य क्षेत्रों के उद्योगों में परस्पर बेहतर समन्वय है। इससे दोनों देशों के संस्थानों में विकास के विभिन्न क्षेत्रों में म्यूचुअल आफ अंडरस्टैंडिंग लगातार होते रहते हैं। भारतीय मूल के लोगों का सिंगापुर में प्रभावी पदों पर कार्य करने से भी भारत को व्यापारिक क्षेत्र में सुगमता से बढ़ावा मिल रहा है।



विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का सिंगापुर स्थित भारत के दूतावास में भारत के हाई कमिश्नर शिल्पक अम्बुले ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया।

**सिंगापुर केंद्रीय विश्वविद्यालय का अवलोकन :-** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि शिक्षा के क्षेत्र में भारत और सिंगापुर के बीच हमेशा से मजबूत और प्रगतिशील संबंध रहे हैं। दोनों देश शिक्षा, शोध और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग के लिए लगातार प्रयासरत हैं। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सिंगापुर के केंद्रीय विश्वविद्यालय, नानयांग टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी (एनटीयू) और सिंगापुर यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड डिजाइन (एसयूटीडी) भारत के छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शैक्षणिक सुविधाएं प्रदान कर रहे हैं। इनमें भारतीय छात्रों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। शिक्षा के क्षेत्र में दोनों देशों में अध्ययन और शोध के लिए अकादमिक आदान-प्रदान कार्यक्रम और फेलोशिप प्रदान की जा रही है, जिससे दोनों देशों के छात्रों में वैश्विक दृष्टिकोण विकसित हो रहा है।

देवनानी ने शुक्रवार को सिंगापुर में केंद्रीय विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों का अवलोकन किया। देवनानी ने वहां विश्वविद्यालय के प्राध्यापकगण से नई शिक्षा नीति, उच्च शिक्षा में किए जाने नवाचार और अनुसंधान के विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। देवनानी ने केंद्रीय विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग एवं तकनीकी विभाग को देखा और विश्वविद्यालय के राजस्थान के मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय और अन्य तकनीकी विश्वविद्यालयों से एमओयू के माध्यम से हो रहे शोध एवं अनुसंधान पर चर्चा की।

**सिंगापुर में देवनानी ने गुरुद्वारा में माथा टेका :-** वासुदेव देवनानी ने शुक्रवार को सिंगापुर में गुरु नानक जयंती पर्व पर गुरुद्वारे में जाकर माथा टेका। देवनानी ने वहां आयोजित सत्संग में भाग लिया। लोगों से मुलाकात कर गुरु नानक जयंती के 555 वें प्रकाश पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी। देवनानी ने देश व प्रदेश की खुशहाली की कामना की। वहीं विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से शुक्रवार को सिंगापुर में उद्योगपतियों ने मुलाकात की। देवनानी ने उद्योगपतियों से राइजिंग राजस्थान में भाग लेने का अनुरोध किया। देवनानी ने कहा कि राजस्थान में निवेश की संभावनाएं हैं। उद्योगपति राजस्थान में उद्योगों के लिए नई संभावनाओं को तलाशें। देवनानी से सिंगापुर चेंबर ऑफ कॉमर्स इंडिया के अध्यक्ष मनीष तिपाठी ने शिष्टाचार मुलाकात की। देवनानी को त्रिपाठी ने सिंगापुर में प्रवासी भारतीय द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न उद्योगों के बारे में जानकारी दी। देवनानी को उद्योगपति करण सिंह ठकराल और सतवीर ठकराल ने सिंगापुर में चल रहे उद्योगों की जानकारी दी।

# राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रति. में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



जालोर में शिव विधायक रविन्द्रसिंह भाटी ने हैंडबॉल खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर स्टेडियम में चल रही राजस्थान हैंडबॉल एसोसिएशन की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय सब जूनियर बालक बालिका ओपन हैंडबॉल प्रतियोगिता में शुक्रवार को खिलाड़ियों ने अपनी टीम की जीत के लिए दमखम दिखा कर अगले दौर में प्रवेश किया। दर्शकों ने भी खिलाड़ियों का हौसला अफजाई की,

उद्धघाटन समारोह में शिव विधायक रविन्द्र सिंह भाटी ने कहा कि हैंडबॉल दुनियां का दूसरे नम्बर का फास्ट खेल हैं। हैंडबॉल में राजस्थान के खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी नाम रोशन किया जो एक बहुत बड़ी राजस्थान के लिए उपलब्धि हैं। उन्होंने कहा कि खेल में हार जीत होती रहती हैं। खिलाड़ियों को नियमिय खेल खेलना चाहिए, ताकि अगली प्रतियोगिता में शिरमोर मन सके। राजस्थान हैंडबॉल खेल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. तेजराज सिंह ने कहा कि राजस्थान हैंडबॉल के प्रति क्रेज बढ़ा हैं। उन्होंने कहा कि खेल कोटे से खिलाडी अच्छी पोस्ट पर सरकारी नोकरी कर रहे है। समारोह में अतिथियों का माला व साफा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

आयोजक सचिव परबतसिंह भाटी ने बताया कि हैंडबॉल बालिका वर्ग में शुक्रवार के लीग मैच में अलवर ने बीकानेर को 12- 10 से, बाड़मेर ने सीकर को 7- 3 से, भीलवाडा ने महाराणा प्रताप हैंडबॉल एकेडमी चित्तौड को 13- 9 से, धुन्माला हैंडबॉल अकादमी ने चित्तौडगढ को 11- 9 से हराया। श्रीगंगानगर में बीकानेर को 7- 3 से, हनुमानगढ़ ने सीकर को 12- 9 से, जयपुर ने महाराणा प्रताप हैंडबॉल एकेडमी चित्तौड को 8 - 3 से, जोधपुर व वूलमाला हैंडबॉल एकेडमी 9- 9 रहे। चूरू ने चित्तौडगढ़ को 8- 3 से , भीलवाडा में डूंगरपुर को 14- 4 से , बाडमेर ने जालोर को 11- 5 से व झुंझुनू ने अलवर को 6- 3 से हराया।

इस दौरान जिला हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह देसु, चंदन सिंह कोराणा, विक्रम सिंह टेकरा, खुशपाल सिंह मोरूआ,महेंद्र सिंह कानीवाडा, महिपाल सिंह ओडवाडा,गजेंद्र सिंह बादनवाडी, महीवर्धन सिंह जयपुर, अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाडी रूपसिंह खींची मौजूद रहे।

शनिवार को बालिका वर्ग के क्वार्टर फाइनल मैच गंगानगर बनाम जोधपुर, हनुमानगढ बनाम भीलवाडा, जयपुर बनाम बाडमेर, चूरू बनाम झुंझुनू, के बीच खेले जायेंगे।

## जिला फुटबॉल संघ के चुनाव 1 को

**जालोर**, (कासं)। जिला फुटबॉल संघ की वार्षिक साधारण सभा की मीटिंग 1 दिसंबर को सांचोर में होटल कौशल इंटरनेशनल सांचोर में आयोजित होगी।

जालोर जिला फुटबॉल संघ के अधयक्ष उम सिंह चांदराई ने बताया कि फुटबॉल संघ की एजी एम में लिए गए समस्त एजेंडों को पारित करवाने के पश्चात् चार वर्ष की अवधि 2024-2028 के लिए नई कार्यकारिणी के अंतर्गत संरक्षक अध्यक्ष वरिष्ठ उपाध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष आयोजन सचिव के एक एक पदों तथा उपाध्यक्षों सयुंक्त सचिवों कार्यकारिणी सदस्यों के पांच पांच पदों के लिए मान्यता प्राप्त फुटबॉल क्लबों के पदाधिकारियों की जारी वोटरलिस्ट के संबंध में 17 नवंबर तक चुनाव अधिकारी को आपत्तियां दर्ज करवा सकेंगे। उसी दिन संशोधित वोटरलिस्ट जारी की जाएगी तथा नामांकन फॉर्म 18 से 23 नवंबर तक प्रस्तुत कर सकेगें। नामांकन फॉर्म की जाँच 25 नवंबर को की जाएगी तथा नामांकन वापसी की तिथि 26 से 30 नवंबर निर्धारित की गई हैं। 1 दिसंबर को चुनाव के लिए सेवानिवृत जिला शिक्षा अधिकारी प्रभुदान राव को चुनाव अधिकारी तथा जालोर जिला ओलिंपिक संघ सैक्रेटरी जनरल लाल सिंह सांखला ने मालाराम साहू को ओलिंपिक संघ का पर्यवेक्षक नियुक्त किया हैं।

# सदस्यता अभियान व संगठन चुनाव पर चर्चा की



जालोर में भाजपा नगर मंडल की बैठक में संगठन व सदस्यता अभियान पर चर्चा की। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। भाजपा नगर मंडल जालोर की संगठन महापर्व व सदस्यता अभियान को लेकर शुक्रवार को मंडल स्तरीय कार्यशाला आयोजित गई।

नगर महामंत्री व पार्षद दिनेश महावर ने बताया कि जिला मुख्यालय पर भाजपा नगर मंडल जालोर की मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन निजी स्थान पर किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के नाते पूर्व जिला महामंत्री व जिला संगठन सह चुनाव संयोजक मुकेश खंडेलवाल उपस्थित थे। वही अध्यक्षता नगर अध्यक्ष एडवोकेट सुरेश सोलंकी ने की। विशिष्ट अतिथि के नाते नगर मंडल चुनाव संयोजक बद्रीनारायण गोड, नगर परिषद उपसभापति अंबालाल व्यास, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मंजू सोलंकी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष गजेंद्रसिंह सिसोदिया, नगर मंडल संयोजक संजय बोराणा, जिला प्रवक्ता मुकेश राजपुरोहित, ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष दिलीप सोलंकी,पूर्व नगर अध्यक्ष प्रकाश नागर, ओटाराम सोलंकी, छगन रामावत उपस्थित थे।

मुख्य वक्ता मुकेश खंडेलवाल ने संगठन सदस्यता अभियान व संगठन चुनाव गतिविधियों को लेकर अपनी बात रखी। सभी कार्यकर्ताओं को संगङ्गन के प्रति निष्ठा से कार्य करने की बात कही। हम सभी अपने आप को एक सच्चा कार्यकर्ता समझ कर कार्य करें। नगर अध्यक्ष सुरेश सोलंकी ने कहा कि हम सबको मिलकर संगठन मजबूती के लिए कार्य करना होगा। आम जनता की समस्या को हमें आगे तक पहुंचाकर उनका निस्तारण करवाना होगा। नगर उपाध्यक्ष राजकुमार चौहान ने अंत में सभी का आभार धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यशाला का संचालन नगर महामंत्री दिनेश महावर ने किया।

बैठक में ओबीसी मोर्चा नगर अध्यक्ष जोगेश सेन, नगर उपाध्यक्ष अशोक गुर्जर, रवि सोलंकी, राजकुमार चौहान, नगर मंत्री महेश भट्ट, महेंद्र राठौड, हेमेंद्रसिंह बगेडिया, रामाराम माली, प्रवीण खंडेलवाल, गोपाल सिंह राजपुरोहित सहित कई जने उपस्थित थे।

# 50 लाख की फिरौती मांगने का आरोपी गिरफ्तार

**भीनमाल**, (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक जालोर ज्ञानचंद यादव के निर्देशन में जिले में गंभीर प्रवृत्ति के अपराधों में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाई जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम गोदारा, भीनमाल पुलिस उप अधीक्षक अन्नराज सिंह राजपुरोहित के सुपरविजन में थानाधिकारी रामेश्वर भाटी के नेतृत्व में पुलिस थाना भीनमाल में दर्ज 50 लाख रुपए की फिरौती प्रकरण में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए उप निरीक्षक गनी मोहम्मद मय पुलिस जाब्ता की टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा प्रकरण में मुलजिम की तलाश में मुखबिर तंत्र के आधार पर अभियुक्त की जानकारी प्राप्त कर बुधवार की रात्रि में अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के अनुसार आरोपी लीलाराम उर्फ ललित पुत्र भूराराम जाति पुरोहितनिवासी भादरडा पुलिस थाना भीनमाल को भीनमाल कस्बे से दस्तयाब किया गया। जिससे पूछताछ करने के बाद मुलजिम को प्रकरण में गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को सक्षम न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे तीन दिन के लिए पुलिस रिमांड पर भेजा गया। घटना में शामिल अन्य अपराधियों व घटना में प्रयुक्त वाहन के संबंध में पूछताछ जारी है।

ज्ञातव्य रहे कि सितंबर माह की 27 तारीख को प्रार्थिया काली देवी पत्नी तोलाराम पुरोहित निवासी दासपा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 26 सितंबर को प्रार्थिया खुद का भाई ललित पुत्र भूराराम निवासी भादरडा प्रार्थियां के पुत्र अनिरुद्ध को भादरडा ले जाने का बोलकर अपहरण कर ले गया। अपहरण करने के बाद मुलजिम ने प्रार्थीया से 50 लाख रुपए की फिरौती की मांग की। जिस पर प्रार्थिया ने थाने में शिकायत दी जिस पर पुलिस थाना भीनमाल में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। घटना के दिन सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मुलजिम ललित का पीछा करने पर मुलजिम ने रात्रि में बारह बजे के करीब अपहृत बालक अनिरुद्ध को उसकी मासी अनीता के यहां पर छोडने के बदले में एक सोने की कंठी जेवरात लेकर बालक मां अनिरुद्ध को उसकी मासी अनिता के घर पर छोडकर फरार हो गया। उसके बाद पुलिस उसकी तलाश में थी जिसको बुधवार को भीनमाल कस्बे से पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में एसआई गनी मोहम्मद के साथ कांस्टेबल दिनेश कुमार व कांस्टेबल दिनेश कुमार शामिल रहे।

## शैलसा भोमियाजी के नाम भजन संध्या हुई

**बालोतरा**, (निसं)। रणवीर चौक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शैलसा भोमियाजी की भव्य भजन संध्या का आयोजन धूमधाम से हुआ।

आयोजनकर्ता जब्बरसिंह सोढा ने बताया कि होटलू महंत जनकपपुरी महाराज के सानिध्य में ख्याति प्राप्त सुप्रसिद्ध भजन गायक किशन सैन समदडी व मीठालाल एण्ड पार्टी द्वारा शैलसा भोमियाजी के एक से बढ़कर एक भव्य भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। साथ ही युवा गायक गणपत माली द्वारा भोमियाजी व माजीसा के भजन गाकर अपनी सुरीली आवाज से श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। उभरते युवा कलाकार तरुण प्रजापति व हेमसिंह भाटी ने रानी रूपादे व पाबूजी की वंदना कर अपनी सुमधुर वाणी से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।

पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष महेश बी चौहान, नगर परिषद सभापति सुमित्रा जैन, तहसीलदार सवाईसिंह भाटी बाडमेर, पुरूषोतम गोयल विहिप, मुकेश गोयल बजरंग दल, महावीर माली पार्षद, पार्षद प्रतिनिधि राजीव पंवार, हितेंद्र चारण, रामजीवन बिश्नोई विहिप, राजू सोनी युवा नेता कांग्रेस, महामंत्री वीरसिंह चौहान खट्टू, कोषाध्यक्ष जालमसिंह चांदेसरा, साँवलसिंह गोयल, शिवसिंह सोलंकी, गोपालसिंह सोलंकी जोधपुर, सुखदेवसिंह गुजरात, जवेरीलाल सोनी, राजेंद्र सारस्वत, धनराज माली, रितिक चौहान सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# शिक्षक सम्मान के लिए फर्जीवाड़ा का आरोप, ज्ञापन देकर जांच मांगी

**सायला**, (निसं)। सायला उपखण्ड क्षेत्र के जालमपुरा ग्राम पंचायत स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत शिक्षक विक्रमसिंह द्वारा राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान हासिल करने के लिए भामाशाहों के फर्जी हस्ताक्षर करने के मामले में जिला शिक्षा अधिकारी जालोर द्वारा नोटिस जारी करने के दो माह बाद भी जांच लंबित होने एवं उचित कार्यवाही नहीं होने से आहत भामाशाह हीराराम ने गुरूवार को जिला शिक्षा अधिकारी भैंराराम चौधरी सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि जालमपुरा स्थित राउमावि में नियुक्त प्रधानाचार्य प्रीतमसिंह ने स्वयं अध्यापक विक्रमसिंह को राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह 2024 की अनुमोदित चयन सूची में फर्जीवा?ा करके नाम जुडवाने के दोषी प्रधानाचार्य ने गलत दस्तावेज स्वयं तैयार करके भेजे थे। जिसमें प्रत्येक दस्तावेज पर गलत आंकडे दर्ज करके प्रमाणित करके हस्ताक्षर किये। जिसमे डेढ साल पहले मेरे स्वर्गवासी पिता मांगाराम पुत्र मोटाराम चौधरी के भी फर्जी हस्ताक्षर कर दिए। इसी प्रकार अन्य भामाशाहो के भी फर्जी हस्ताक्षर किये थे। गत 4 सितम्बर को भामाशाहों व ग्रामीणों को मामले का पता चलने पर विरोध प्रदर्शन किया था। जिस पर अध्यापक विक्रमसिंह का राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान चयनित सूची से नाम तो विलोपन हो गया। लेकिन मामले में 2 माह बाद भी जांच पूर्ण नही हुई है।

उल्लेखनीय हैं कि यह मामला सितंबर माह में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह से एक दिन पहले ही उजागर हुआ था। मामले में बकायदा संस्था प्रधान पर भी गडबडी को शह देने का आरोप लगा था, क्योंकि दस्तावेज उन्हीं की एसएसओ आईडी से अटैच हुए थे। ये दोनों स्टाफ अभी भी जालमपुरा सरकारी विद्यालय में ही कार्यरत है।

राउमावि जालमपुरा में कार्यरत शिक्षक विक्रमसिंह ने फर्जी सूची तैयार कर दानदाताओं के सहयोग से विद्यालय विकास का उल्लेख किया था। वहीं आवेदन प्रक्रिया में भी मनमर्जी की गई। व्यक्तिगत जानकारी में दानदाताओं के सहयोग की दो सूचियां भी भेजी गई। जिसमें गडबडी का आरोप था। पहली सूची वर्ष 2022 के दानदाताओं की है, जिसमें कुल 12 दानदाताओं का जिक्र है। इस सूची के अनुसार दानदाताओं को प्रेरित कर 3 लाख 33 हजार रुपए का सहयोग विद्यालय विकास में करने का उल्लेख किया गया। इसी तरह वर्ष 2023 में 16 दानदाताओं द्वारा 4 लाख 54 हजार के सहयोग का जिक्र है। राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान में इस शिक्षक को सूची में शामिल करने का यह भी आधार था। मामले में विभागीय स्तर से लेकर मुख्यालय स्तर तक शिकायत हुई और प्रारंभिक स्तर पर शिकायत सही पाई गई। उप निदेशक माध्यमिक शिक्षा ने मामले में आदेश जारी कर सम्मान कार्यक्रम से आरोपी शिक्षक का नाम हटाने के निर्देश जारी किए थे ।

मामले में विभागीय स्तर पर 16 सीसीए का नोटिस शिक्षक विक्रमसिंह को दिया गया था। उस पर फर्जी दस्तावेज पेश करने, फर्जी अंगठे और हस्ताक्षर करने और मृत व्यक्तियों के नाम दानदाताओं की सूची में शामिल करने के मामले में जवाब मांगा गया था। दूसरी तरफ संस्थाप्रधान प्रीतमसिंह को 17 सीसीए का नोटिस जारी किया गया। जिसमें उनसे इस पूरे प्रकरण में विभिन्न स्तर पर तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई थी।

जिला शिक्षा अधिकारी जालोर भैराराम चौधरी के अनुसार इस मामले को लेकर जांच प्रकियाधीन है, जल्द ही जांच पूर्ण कर रिपोर्ट देंगे।

# माधोपुरा में बिरसा मुंडा की जयंती मनाई

**आहोर**, (निसं)। समीपवर्ती माधोपुरा में स्थित राजकीय जनजाति आवासीय विद्यालय में बिरसा मुंडा की जयंती गौरव दिवस के रूप में मनाई गई।

आहोर नगरपालिका चेयरमैन सुजाराम प्रजापत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रधानाचार्य विजय सिंह झाला, वरिष्ठ लिपिक मांगीलाल मीणा व मूलाराम मीणा मौजूद रहे। छात्रावास अधीक्षक कपूराराम मीणा ने बताया कि सर्व प्रथम मुख्य अतिथि द्वारा बिरसा मुंडा की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद छात्रों द्वारा आदिवासी वेशभूषा मे बिरसा मुंडा पर नृत्य पेश किए गए व धरती आभा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत नशामुक्त शपथ दिलाई गई,।भारत सविधान उद्देशिका पढाई गई। राज्य प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र प्रवीण कुमार का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में प्रजापत ने जनजाति योजनाओं से अधिक से अधिक संख्या मे लोगों को लाभान्वित होने का आहवान किया।

## गुरूनानक देव का प्रकाश पर्व मनाया

**जोधपुर**, (कासं) । सिख पंथ के संस्थापक गुरूनानक देव महाराज का 555 वां प्रकाश उत्सव आज शहर में हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। प्रकाश पर्व के अवसर पर दीवान को सजाने के साथ भव्य रात को लंगर का आयोजन रखा गया। सत्संग कार्यक्रम में हजारों की संख्या में भक्तजन पहुंचे।

गुरूद्वारा गुरू सिंह सभा के सचिव कुलदीप सिंह सलूजा ने बताया कि सुबह 8 से 9 बजे के बीच गुरूद्वारा गुरू तेग बहादरु साहिब में दीवान सजाया गया।। इसके साथ मुख्य दीवान सुबह 9 बजे अखंड पाठ साहब की समाप्ति के बाद शुरू किया गया। सत्संग में कीर्तन आयोजन में हजारों की संख्या में भक्तजन पहुंचे। आज रक्तदान शिविर भी लगाया गया। जिसमें युवाओं के साथ युवतियों ने भी रक्तदान कर देश सेवा का जज्बा दिखाया। रक्तदान शिविर का आयोजन रोटरी क्लब जोधपुर, ब्लू सिटी और गुरूद्वारा गुरू सिंह सभा के संयुक्त तत्वावधान में गुरूद्वारा सिंह सभा में किया गया। गुरूनानक देव महाराज के प्रकाश उत्सव के अवसर पर करीब 10 हजार लोगों के लिये लंगर प्रसादी का आयोजन आज रात रखा गया है। वहीं जोधपुर शहर के शहीद हेमू कालानी सर्कल के पास सरदारपुरा बी रोड स्थित सिंधी गुरू संगत दरबार में भी गुरू नानक देव साहिब का प्रकाश उत्सव मनाया गया तथा लंगर का आयोजन किया गया।

# शिक्षक संघ प्रगतिशील की बैठक आयोजित

**भीनमाल**, (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील जिला शाखा जालोर-सांचौर की संयुक्त बैठक का आयोजन शुक्रवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कचहरी रोड विद्यालय में संगठन के मुख्य महामंत्री पूनम चंद बिश्नोई की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

संगठन के भीनमाल ब्लॉक अध्यक्ष लाडुराम मांजू ने बैठक में प्रदेश शैक्षिक सम्मेलन के आयोजन, संगठन की स्मारिका में प्रकाशन हेतु रचनाएं देने, विज्ञापन देने, शिक्षकों के स्थाईकरण वेतन नियमतिकरण करने व शिक्षकों की जवलन्त समस्याओं के निराकरण हेतु महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य महामंत्री पूनमचंद विशनोई ने सत्र 2024 -25 का 62 वां प्रदेश शैक्षिक सम्मेलन उपखण्ड मुख्यालय भीनमाल मे 17 व 18 जनवरी 2025 को आयोजित करने के निर्णय अनुसार किये जाने पर चर्चा की गई। सम्मेलन की सफलता के लिए एवं संगठन के द्वारा स्मारिका के प्रकाशन के बारे में दोनों जिलों द्वारा सामूहिक प्रयास से सम्मेलन का शानदार आयोजन करवाना होगा। जयकरण खिलेरी को प्रदेश संयोजक की जिम्मेदारी दी गई। बैठक को संबोधित करते हुए जालोर के जिला अध्यक्ष लूबाराम चौधरी ने तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थाईकरण एवं वेतन नियमितीकरण को लेकर किए गए आंदोलन की जानकारी सदन को दी। बैठक में प्रदेश महामंत्री राजूराम सारण ने प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक 13 अक्टूबर को प्रदेश बैठक में लिए गए निर्णय के बारे मे जानकारी दी। सांचौर जिला अध्यक्ष रामनिवास साहू ने शिक्षकों की ज्वलंत समस्याओं के निराकरण बाबत जानकारी दी तथा प्रदेश के शैक्षिक सम्मेलन के आयोजन को लेकर सांचौर जिले की सक्रिय भागीदारी करने और इस मौलिक रचनाए विज्ञापन देने सहित कई मुद्दों पर अपनी राय रखते हुए सदन को आशान्वित किया कि सांचौर जिले द्वारा प्रदेश स्तरीय संगठन द्वारा कार्य और लक्ष्य को सत प्रतिशत पूर्ण किया जाएगा। सम्मेलन के आयोजन में स्थानीय भामाशाहो का बहुत बडा योगदान रहेगा। जिससे दो समय का भोजन व स्मृति चिन्ह आदि से स्वागत करने का निर्णय लिया गया। प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष किशन लाल सारण ने उपस्थित पदाधिकारी को कहा कि संगठन की प्रदेश सम्मेलन की स्मारिका में उच्च स्तर के आलेख भेजने का आहवान किया एवं वेतन नियमतिकरण को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया। बैठक में जालोर कालाराम पहाडयिा ने अपने संबोधन में जिला शिक्षा के प्रारंभिक शिक्षा के माध्यमिक शिक्षा द्वारा शिक्षकों को स्थाईकरण अभी तक नहीं करने पर आंदोलन की चेतावनी दी कि आगामी दिनों में शिक्षकों की समस्याओं का हल नहीं करने पर संगठन द्वारा विशाल धरना प्रदर्शन करना पड़ेगा। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभाराम चौधरी ने उपस्थित अधिकारियों को प्रदेश शैक्षिक सम्मेलन को सफल बनाने में संगठन को मजबूती प्रदान करने का आहवान किया।

प्रदेश शैक्षिक सम्मेलन मैं अखिल भारतीय कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष महासंघ को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में खीया राम पूनिया, डूंगर सिंह परमार, बाबूलाल बोसीर, बाबूलाल कडवासरा, विरमाराम सारण, पूनमा राम मांजू, गणपत लाल साहू, तेजाराम खिलेरी, रमेश जानी, ओम प्रकाश साहू, नरेश कुमार, लाडूराम मांजू, मालाराम चौधरी, जालाराम खीचड, चौथाराम बोला, रमेश कुमार, घमाराम सारण, रतनलाल मांजू, जोराराम मेघवाल, जसराम विरास, ओम प्रकाश साहू समेत कई शिक्षक उपस्थित रहे।

# शिक्षाविद् दीनानाथ बत्रा की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा आयोजित



जालोर के आदर्श विद्या मंदिर में शिक्षाविद् दीनानाथ बत्रा के निधन पर श्रद्धांजलि सभा हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। शिक्षक शिक्षाविद् अनेक पुस्तकों के लेखक होने के साथ-साथ दीनानाथ बत्रा शिक्षा में भारतीयता लाने के लिए सतत प्रयासरत रहे, प्रखर योद्धा भी थे। यह विचार जालोर में शुक्रवार को शिक्षाविद् दीनानाथ बत्रा के निधन पर श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने व्यक्त किए।

कार्यक्रम संयोजक किशोर कुमार राजपुरोहित ने बताया कि शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास और और आदर्श विद्या मंदिर परिवार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षा से जुड़े विभिन्न संगठनों ने स्वर्गीय बत्रा को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आदर्श शिक्षण संस्थान के जिला सचिव अजय कुमार ने शिक्षाविद दीनानाथ बत्रा के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि दीनानाथ जाने-माने शिक्षाविद थे। वे 1955 से 1965 डी.ए.वी. विद्यालय डेराबस्सी पंजाब तथा गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कुरुक्षेत्र में सन् 1965 से 1990 तक प्राचार्य रहे। उन्होंने हरियाणा शिक्षा बोर्ड की पाठ्य योजना, दिल्ली शिक्षा बोर्ड, दिल्ली शिक्षा कोड समिति, दिल्ली नैतिक-शिक्षा समिति के सदस्य के रूप में कार्य किया। हरियाणा अध्यापक संघ के महामंत्री के रूप में कार्य किया। अखिल भारतीय हिंदुस्तान स्काउट्स गाइड के कार्यकारी अध्यक्ष रहे। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण-संस्थान के राष्ट्रीय संस्थान के राष्ट्रीय महामंत्री तथा उपाध्यक्ष रहे। वे पंचनद शोध-संस्थान के निदेशक रहे हैं, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद की कार्यकारिणी के सदस्य रहे। भारतीय शिक्षा शोध-संस्थान, लखनऊ की कार्यकारिणी के सदस्य हैं। शिक्षा संस्कृति उत्थान के अध्यक्ष एवं शिक्षा बचाओ आंदोलन के राष्ट्रीय संयोजक रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के संदीप जोशी ने कहा कि स्वर्गीय दीनानाथ जी बत्रा जाने-माने शिक्षाविद, आदर्श शिक्षक, यशस्वी लेखक, भारत केंद्रित शिक्षा के प्रबल पक्षधर, शैक्षिक योद्धा थे। शिक्षा में भारतीयता के लिए जूझने और संघर्ष करने का उनका जीवन नई पीढी के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने पाठय पुस्तकों मे व्याप्त विभिन्न विसंगतियां पर केवल चर्चा और चिंतन नहीं किया , वरन वर्षो तक हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक मुकदमे लडकर पाठय पुस्तकों में से अनेक विसंगतियां को दूर करवाया। देशभर के शिक्षार्थी, शिक्षक और अभिभावक उनके सदैव ऋणी रहेंगे।

राष्ट्रीय सेविका समिति की नीलम पंवार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पूरा जीवन त्याग, साधना व संघर्ष से भरा रहा। प्रारंभ में वे कुछ वर्ष प्रचारक भी रहे। गृहस्थ जीवन में प्रवेश के पश्चात भी संघ के सेवाव्रती प्रचारकों की भांति जीवन-ध्येय तेरा तुझको अर्पण का बना रहा। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य नितिन ठाकुर ने किया। वरिष्ठ अध्यापक विक्रमपुरी एवं उप प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने भावगीत प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक देवेंद्र कुमार , सह विभाग कार्यवाह जगदीश सोनी, सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी चुन्नीलाल परमार, डाइट उप प्राचार्य शांतिलाल दवे, आदर्श शिक्षण संस्थान के जगदीश दवे ,अधिवक्ता परिषद के दिलीप शर्मा, ग्रेनाइट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष प्रकाश परमार, संस्कृत भारती के खुशवंत नाग, कल्पेश बोहरा, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के किशोर सिंह, शिक्षक संघ राष्ट्रीय के पूर्व जिला अध्यक्ष शैतान सिंह राजपुरोहित, ब्लॉक अध्यक्ष कृष्णपाल सिंह, शिक्षक नेता करण सिंह, पृथ्वीराज दवे, नरेंद्र बोहरा, बसंत ओझा भारत विकास परिषद के प्रमोद कुमार, निशा कुट्टी, शशि कला राठौड, खम्मा प्रजापत, भाग्यवन्ति परमार, अंबिका प्रसाद तिवारी, पारस परमार, उगमसिंह बालावत, ललित ठाकुर सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# राणी भटियाणी माजीसा मंदिर में कार्यक्रम हुआ

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर के सुन्देलाव तालाब स्थित माता राणी भटियाणी माजीसा मंदिर में गुरूवार रात्रि को वार्षिकोत्सव पर भजन संध्या का आयोजन किया गया।

वार्षिकोत्सव के लिए ध्वजारोहण के साथ यजमानों ने यज्ञ में आहुतियां दी। वही रात्रि को एक शाम माजीसा के नाम भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें देर रात्रि तक श्रद्धालु माजीसा के भजनो पर झुमते नजर आये। माता राणी भटियाणी माजीसा ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रकाश छाजेड ने बताया कि दिनभ धार्मिक कार्यक्रमो का आयोजन हुआ। भजन संध्या में भैरूनाथ अखाडे के संत ईश्वरनाथ महाराज व चामुंडा माता मंदिर के महंत पवनपुरी महाराज ने दीप प्रज्जवलन कर भक्ति ंध्या का आगाज किया। जिसके बाद अनिल सैन द्वारा गणेश वंदना व गुरू महिमा के साथ भजन संध्या की शुरूआत की। जिसके बाद भजन गायिका आशा वैष्णव , अनिल सैन व देव राणा एण्ड पाटी ने सुबह तीन बजे तक एक से बढकर भजनो की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को जमे रखा। भजन गायिका आशा वैष्णव ने माजीसा रो मेला आयो, जालोर वाली नगरी में..... माजीसा गुमर रमता वेगा आवो जालोर नगरी में सहित कई भजनो की स्वर लहरियों से भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

कार्यक्रम में भैरूनाथ अखाडे के पीर गंगानाथ महाराज, योगी ईश्वरनाथ, लेटा मठ के महंत रणछोड भारती महाराज, तालाब पर स्थित हनुमान मंदिर व चामुंडा माता मंदिर के महंत पवनगिरी महाराज, हल्देश्वर महादेव मंदिर के महंत मोहननाथ महाराज, मलकेश्वर मठ के मंहत सेवाभारती महाराज का भक्तो का आशीर्वाद प्राप्त किया। वही ट्रसट के राजू भाई सोलंकी, चेतन सुन्देशा, सुरेश सोलंकी, मुकेश सुन्देशा, कैलाश माहेश्वरी, हुकमीचन्द, प्रकाश अग्रवाल सहित काफी भक्तजन मौजूद रहे।

## हादसे में युवक की जान गई

**जोधपुर**, (कासं) । कुड़ी भगतासनी पुलिस थाना क्षेत्र इसरो के सामने रात को किसी वाहन चालक की लापरवाही से बाइक सवार युवक की मौत हो गई।

कुड़ी थाने के हैड कांस्टेबल शंकरलाल ने बताया कि बाबा रामदेव नगर झंवर रोड डालीबाई मंदिर के पास हाल गुजरात निवासी 30 वर्षीय संजय पुत्र मोतीराम बनमाली जोधपुर रिश्तेदारी में शादी समारोह में आया था। वह बाइक लेकर रात को शादी समारोह में जाने के लिए कुड़ी इसरो के सामने से निकल रहा था। तब किसी वाहन चालक ने उसे चपेट में ले लिया। जिसे बाद में अस्पताल ले जाया गया। मगर उसकी मौत हो गई। उसके रिश्तेदार ममेरे भाई बाबा रामदेव नगर झंवर रोड डालीबाई मंदिर के पास रहने वाले अश्विनी कुमार ने रिपोर्ट दी।

